प्रैस विज्ञप्ति

22.03.2021

इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में दिनांक 22 मार्च 2021 को उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निर्देश अनुसार एक राष्ट्रीय स्तरीय वेबीनार का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। वेबीनार का विषय "आत्मनिर्भर भारत में रचनात्मक कार्यों की भूमिका" रहा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० पुष्पेंद्र दुबे, विभाग अध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस, इंदौर, मध्य प्रदेश ने अपने विचार व्यक्त किए। यह वेबीनार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हुआ। प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने कहा- भारत के हर नागरिक को अपने स्तर पर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए और वे तभी संभव है जब वह स्वदेशी वस्तुओं का ही प्रयोग करें जिसके परिणाम स्वरूप उद्योग बढ़ेंगे, बेरोजगारी व निर्धनता दूर होगी। मुख्य वक्ता डॉ० पुष्पेंद्र दुबे ने कहा कि श्रम की स्थापना रचनात्मक कार्यों का प्रवेश द्वार है तथा आज की पीढ़ी मे श्रम की प्रतिष्ठा स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए। ग्राम स्वराज्य का आधार खादी है। आत्मनिर्भर भारत के लिए हर एक को उत्पादक कार्य में भाग लेना होगा। सर्व धर्म समन्वय से ही मानव जाति का उद्धार संभव है और ये विचार विश्व को भारतीय संस्कृति की ही देन है। इस ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनार में देश के विभिन्न हिस्सों से 122 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वेबीनार संयोजक व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।